**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**06.45 बुधवार** **दिनांक 22.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी किया शामिल।**
- **क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने आज दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार गांव में खेल मैदान का किया उद्‌घाटन–बच्चों के साथ खेले विभिन्न खेल।**
- **रायपुर–बिलासपुर मार्ग पर अज्ञात लोगों ने की चलती गाड़ियों में पत्थरबाजी–एक वाहन चालक की मौत–चार अन्य घायल।**
- **मौसम विभाग ने चौबीस से छब्बीस अप्रैल के बीच मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने की दी चेतावनी।**

**पीएम सरकार–पीएमआईएस**

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी शामिल किया है। इसके अंतर्गत अट्‌ठारह से पच्चीस वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के छात्र भी अब पीएम आई.एस. पोर्टल के माध्यम से शीर्ष कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि छात्रों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपने शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र–एनओसी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि इंटर्नशिप में भाग लेने से उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में कोई बाधा नहीं आएगी।

**प्रधानमंत्री–सिविल सेवक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ अपने हर प्रयास को समायोजित करने का आह्‌वान किया है। देश के सिविल सेवकों को लिखे पत्र में श्री मोदी ने निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। हाल ही में संपन्न कर्मयोगी साधना सप्ताह में सिविल सेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के इस सप्ताहभर के उत्सव में देशभर के सिविल सेवकों ने हिस्सा लिया।

**पहलगाम आतंकी हमला–बरसी**

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले साल इसी दिन, पहलगाम में आतंकवादियों ने छब्बीस निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले साल छह और सात मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। ऑपरेशन सिंदूर को याद करते हुए भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया है, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी देते कहा है कि 'जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

**सचिन तेंदुलकर–दंतेवाड़ा**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आज एकदिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छिंदनार में खेल मैदान का उद्‌घाटन किया और बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। श्री तेंदुलकर ने कहा कि 'मैदान कप' प्रतियोगिता के जरिए हजारों बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि पांच हजार से ज्यादा बच्चों को इस प्रतियोगिता से लाभ मिलेगा। श्री तेंदुलकर ने कहा कि कबड्डी, खो–खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेलों के जरिए बस्तर के युवाओं को नई पहचान देने की तैयारी है।

सचिन तेंदुलकर और मानदेशी फाउंडेशन द्वारा छिंदनार के समान ही इस क्षेत्र के पचास गांवों में इसी तरह के खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, जहां क्रिकेट के साथ फुटबॉल और कबड्डी जैसी खेल विधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

## मुख्य सचिव–बैठक

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में 'ज्ञानभारतम' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि शासकीय संस्थानों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, महाविद्यालयों और निजी संस्थानों में संरक्षित पांडुलिपियों के सर्वेक्षण के लिए सक्रिय प्रयास किया जाए। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य को इकतीस मई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण को प्राथमिकता दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने जनभागीदारी बढ़ाने के लिए "पांडुलिपि ट्रेजर हंट" जैसे नवाचारों के आयोजन का सुझाव दिया, जिससे आम नागरिक भी इस अभियान से जुड़ सकें।

## केदारनाथ धाम

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे पांच संकल्पों का पालन करें। इनमें स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण, सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और यात्रा दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना शामिल है। वहीं, बद्रीनाथ धाम के कपाट कल सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। जबकि, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट उन्नीस अप्रैल को खुल चुके हैं।

## वाहन–पत्थरबाजी

रायपुर–बिलासपुर मार्ग पर झाल गांव के पास सोमवार की रात कुछ अज्ञात लोगों द्वारा चलती गाड़ियों में पत्थरबाजी की गई। इस घटना में एक वाहन चालक की मौत हो गई। जबकि, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने मेटाडोर, ट्रक और स्कॉर्पियो वाहन पर पत्थरबाजी की थी। सूचना मिलते ही बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जांजगीर–नैला स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के कारण आज से सत्ताईस अप्रैल तक पूर्व में निरस्त की गई कुछ गाड़ियों को फिर से बहाल कर दिया गया है। इनमें रायगढ़–बिलासपुर–रायगढ़ मेमू, रायपुर–गेवरारोड–रायपुर मेमू, रायपुर–कोरबा–रायपुर पैसेंजर, बिलासपुर–गेवरारोड–बिलासपुर मेमू के साथ ही बिलासपुर–कोरबा–बिलासपुर मेमू शामिल हैं। इसके अलावा गोंदिया–झारसुगुड़ा–गोंदिया मेमू भी तेईस से सत्ताईस अप्रैल के बीच अपने निर्धारित समय में गोंदिया से झारसुगुड़ा तक चलेगी। वहीं, कोरबा–रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस, इसी तिथि में एक्सप्रेस बनकर चलेगी।

## किरंदुल विशाखापट्नम–पैसेंजर

दंतेवाड़ा में रेललाइन दोहरीकरण कार्य के चलते किरंदुल–विषाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन कल तेईस अप्रैल से चौदह मई तक एक दिन के अंतराल में चलाई जाएगी। इस दौरान तेईस, पच्चीस, सत्ताईस और उनतीस अप्रैल को दंतेवाड़ा–किरंदुल के बीच पैसेंजर ट्रेन की सुविधा प्रभावित रहेगी। हालांकि, नाइट एक्सप्रेस का संचालन सामान्य रहेगा और यह नियमित रूप से चलेगी। लगभग बयालीस किलोमीटर में दोहरीकरण का कार्य जारी है, जिसमें अधिकांष काम पूरा हो चुका है।

## राज्यपाल–मुलाकात

राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में नो प्लास्टिक अभियान की ब्रांड एंबेसडर शुभांगी आप्टे ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर नगर निगम क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियानों और जनजागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। श्रीमती आप्टे ने बताया कि अब तक वे स्कूलों, बैंकों, बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पचपन हजार से अधिक कपड़े की थैलियों का वितरण कर चुकी हैं। राज्यपाल ने उनके सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

**अग्निवीर भर्ती–प्रशिक्षण**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए रायपुर जिले में निःषुल्क प्रषिक्षण की व्यवस्था की गई है। यह प्रषिक्षण जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्षन केंद्र, रायपुर द्वारा प्रदान किया जाएगा। लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए विषय विषेषज्ञों द्वारा निःषुल्क कोचिंग दी जाएगी। यह प्रषिक्षण चार मई से शुरू होकर चार जून तक संचालित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार विभाग के आधिकारिक वेबपोर्टल ''ई–रोजगार डॅाट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन'' पर तीस अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**व्यापमं–उप निरीक्षक परीक्षा**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन छब्बीस अप्रैल को किया जाएगा। यह परीक्षा रायपुर जिले के एक सौ चार परीक्षा केंद्रों में सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेष सुबह साढ़े नौ बजे तक ही दिया जाएगा।

**मौसम**

मौसम विभाग ने चौबीस से छब्बीस अप्रैल के बीच मध्य छत्तीसगढ़ में ग्रीष्म लहर यानी लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा कर्नाटक के ऊपर एक चक्रवात विस्तारित है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि प्रदेश के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

– रायपुर शहर में रिंग रोड नंबर – एक और दो से शहर के उन्नीस प्रवेष मार्गों पर मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेष पर प्रतिबंध तीस अप्रैल तक प्रतिबंध लगाया गया है। जो सुबह पांच बजे से रात बारह बजे तक प्रभावी रहेगा।

– कोरबा–चांपा मार्ग पर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में नौ लोग घायल हो गए हैं। ये लोग मड़वारानी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

– मुंगेली पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब बाईस किलो गांजा, एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>